## सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न (Frequently Asked Question)

प्रश्न 1. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एन.सी.टी.ई. पाठ्यक्रम की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीयन (Registration) कहाँ करना होगा।

उत्तर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एन.सी.टी.ई. पाठ्यक्रम की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीयन (Registration) हेतु एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल https://hed. mponline.gov.in पर क्लिक करें । इसके पश्चात एन.सी.टी.ई. के आइकन पर क्लिक कर संबंधित पाठ्यक्रम पर पंजीयन फार्म की लिंक उपलब्ध होगी।

प्रश्न 2. क्या पंजीयन फार्म में त्रुटि सुधार संभव है।

उत्तर हाँ, पंजीयन फार्म में त्रुटि सुधार हेतु आवेदक निकटतम शासकीय महाविद्यालय (हेल्प सेन्टर) पर जाकर त्रुटि सुधार करवा सकेंगे।

प्रश्न 3. पंजीयन के पश्चात सत्यापन कहाँ कराना होगा।

उत्तर पंजीकृत आवेदकों को दस्तावेजों के सत्यापन हेतु महाविद्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रकिया शासकीय महाविद्यालयों (हेल्प सेंटर) के माध्यम से ऑनलाईन सम्पन्न की जावेगी।

प्रश्न 4. स्नातक अंतिम वर्ष /छटवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित न होने की स्थिति में प्रवीणता हेतु पंजीयन फार्म में कौन से प्राप्तांक/प्रतिशत दर्ज करना होगा।

उत्तर अर्हकारी स्नातक अंतिम वर्ष/छटवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित न होने की स्थिति में प्रावधिक प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय वर्ष/प्रथम से पंचम सेमेस्टर तक के प्राप्तांकों का प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन के समय दर्ज करना होगा। गुणानुक्रम का निर्धारण प्रावधिक प्रवेश हेतु दर्ज प्राप्तांकों के आधार पर ही होगा।

प्रश्न 5. प्रवेश शुल्क भुगतान किस प्रकार किया जा सकता है।

उत्तर प्रवेश शुल्क का भुगतान आवेदक Net Banking / Credit Card / Debit Card / UPI के माध्यम से स्वयं कर सकेगा या उपरोक्त सुविधा उपलब्ध न होने पर कियोस्क के माध्यम से शुल्क भुगतान कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकेगा ।

प्रश्न 6. क्या प्रवेश के समय ही प्रवेश शुल्क की सम्पूर्ण राशि का भुगतान करना होगा।

उत्तर ऑनलाइन सीट आवंटन उपरांत आवेदक को शुल्क विनियामक समिति द्वारा आवंटित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क की आधी राशि एम.पी.ऑनलाइ के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कराना होगा। शेष आधी राशि का भुगतान प्रवेशित महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि में दो किश्तों में डिजिटल माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।

प्रश्न 7. प्रवेश शुल्क भुगतान के समय ट्रांजेक्शन फेल (Transacation Fail) होने की स्थिति में क्या करना होगा।

उत्तर प्रवेश शुल्क का ट्रांजेक्शन फेल होने की स्थिति में आवेदक का प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा। अतः ट्रांजेक्शन की फेल होने की स्थिति में आवेदक को पुनः पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में प्रवेश शुल्क भुगतान कराना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदक का नाम प्रवेश सूची में दर्शित नहीं होगा।

प्रश्न 8. सीट आवंटन न होने की स्थिति में मुझे क्या करना होगा।

उत्तर सीट आवंटित न होने पर आगामी चरण में शामिल होने हेतु समय–सारणी अनुसार पुनःवरीयता व्यक्त करना होगा।

प्रश्न 9. महाविद्यालय आवंटित होने पर परन्तु प्रवेश नही लेने पर आगामी चरण की प्रवेश प्रकिया शामिल होने हेतु क्या करना होगा।

उत्तर यदि आवेदक को महाविद्यालय आवंटित होता है एवं वह उस महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लेता है तो ऐसी स्थिति में आगामी चरण में उसे तब तक स्वतः कोई महाविद्यालय नहीं किया जायेगा जब तक वह अपनी च्वाइस/विकल्प पुनः न भर दे।

प्रशन 10. बी.पी.एड/एम.पी.एड. में पाठ्यक्रम में फिटनेस टेस्ट उत्तीर्ण/अनुउत्तीर्ण आवेदक क्या आगामी चरण में फिटनेस टेस्ट में पुनः शामिल हो सकता है।

उत्तर हाँ फिटनेस टेस्ट में उत्तीर्ण/अनुउत्तीर्ण आवेदक यदि उस चरण में आवंटन/प्रवेश में स्थान प्राप्त नहीं कर पाते हैं ऐसे आवेदकों को आगामी चरण में वरीयता व्यक्त करने से पूर्व फिटनेस टेस्ट में पुनः सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

प्रश्न 11. प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात प्रवेश निरस्तीकरण एवं शुल्क वापसी की प्रक्रिया क्या होगी।

उत्तर आवेदक को प्रवेश निरस्तीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन निरस्तीकरण ओ.टी.पी. आधारित होने से प्रवेश स्वमेव निरस्त हो जायेगा। प्रवेश ऑनलाइन निरस्त होने पर विभागीय पोर्टल के माध्यम से 07 कार्य दिवस की समय सीमा में राशि रूपए 1,000/– (एक हजार मात्र) काटकर शेष राशि ऑनलाइन वापस की जायेगी।

प्रश्न 12. प्रवेश निरस्त होने के पश्चात प्रवेश शुल्क रिफन्ड कहाँ होगा।

उत्तर प्रवेश निरस्त होने के पश्चात प्रवेश शुल्क का रिफन्ड उसी खाते में किया जावेगा जिस खाते से आवेदक द्वारा प्रवेश शुल्क का भुगतान किया गया होगा।

प्रश्न 13. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु मान्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कितने वर्ष की होनी चाहिए।

उत्तर . उन्हीं स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्राप्तांकों को मान्य किया जावेगा जिनकी पाठ्यक्रम अवधि क्रमशः न्यूनतम तीन वर्ष एवं दो वर्ष की होगी।

**बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड., बी.एड.एम.एड. (एकीकृत तीन वर्षीय), बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड. एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड .(अंशकालीन–तीन वर्षीय) पाठ्यक्रम 2022–23 में प्रवेश प्रकिया हेतु समय सारणी**

| क्रं. | कार्य का विवरण | निर्धारित तिथियाँ | |
|---|---|---|---|
| | | दिनांक से | दिनांक तक |
| 1 | विज्ञापन का प्रकाशन | 12/05/2022 गुरूवार | |
| | **प्रथम चरण** | | |
| 2 | आवेदकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन एवं शिक्षण संस्थाओं का चयन/ (वरीयता व्यक्त करना) | 17/05/2022 मंगलवार | 21/05/2022 शनिवार |
| 3 | निर्धारित हेल्प सेंटर द्वारा होकर दस्तावेजों का ऑनलाईन सत्यापन एवं अपठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में उपस्थित होकर सत्यापन कराना | 18/05/2022 बुधवार | 23/05/2022 सोमवार |
| 4 | बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. पाठ्यकम हेतु कमशः फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट(निर्धारित हेल्प सेंटर पर) | 18/05/2022 बुधवार | 23/05/2022 सोमवार (सायं 5:00 बजे तक |
| 5 | हेल्प सेंटर द्वारा फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट के अंकों की प्रविष्ठि | 24/05/2022 मंगलवार | |
| 6 | समेकित मेरिट सूची का प्रकाशन | 25/05/2022 बुधवार | |
| 7 | मेरिट एवं वरीयता अनुसार प्रथम चरण में सीट आवंटन | 30/05/2022 सोमवार | |
| 8 | आवेदक विद्यार्थी द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत ऑनलाईन भुगतान किया जाना | 30/05/2022 सोमवार | 03/06/2022 शुक्रवार |
| 9 | प्रवेश निरस्तीकरण। | 30/05/2022 सोमवार | 04/06/2022 शनिवार |
| 10 | प्रथम चरण पश्चात् महाविद्यालय में रिक्त सीटों की उपलब्धता | 06/06/2022 सोमवार (सायं 6:00 बजे) | |
| | **द्वितीय चरण** | | |
| 11 | (अ) नवीन पंजीयन (ऐसे आवेदक जो पूर्व में प्रवेश हेतु पंजीयन नहीं करा सके हैं, वे पंजीयन कर शेष चरणों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश आवंटन हेतु गुणानुक्रम अनुसार पात्र होंगे)।<br>(ब) द्वितीय चरण में आवंटन हेतु पंजीकृत अप्रवेशित एवं नवीन पंजीकृत आवेदकों से पुनः शिक्षण संस्थाओं का चयन/वरीयता प्राप्त करना | 26/05/2022 गुरूवार | 01/06/2022 बुधवार |
| 12 | निर्धारित हेल्प सेंटर द्वारा होकर दस्तावेजों का ऑनलाईन सत्यापन एवं अपठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में उपस्थित होकर सत्यापन कराना | 27/05/2022 शुक्रवार | 03/06/2022 शुक्रवार |
| 13 | नवीन पंजीकृत आवेदकों का बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. पाठ्यकम हेतु कमशः फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट (निर्धारित हेल्प सेंटर पर) | 27/05/2022 शुक्रवार | 03/06/2022 शुक्रवार (सायं 5:00 बजे तक) |
| 14 | हेल्प सेंटर द्वारा फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट के अंकों की प्रविष्ठि | 04/06/2022 शनिवार | |
| 15 | समेकित मेरिट सूची का प्रकाशन | 06/06/2022 सोमवार | |
| 16 | मेरिट एवं वरीयता अनुसार द्वितीय चरण में सीट आवंटन | 11/06/2022 शनिवार | |
| 17 | आवेदक विद्यार्थी द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत ऑनलाईन भुगतान किया जाना | 11/06/2022 शनिवार | 16/06/2022 गुरूवार |
| 18 | प्रवेश निरस्तीकरण। | 11/06/2022 सोमवार | 17/06/2022 शुकवार |
| 19 | द्वितीय चरण पश्चात् महाविद्यालय में रिक्त सीटों की उपलब्धता | 18/06/2022 शनिवार (सायं 6:00 बजे) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **तृतीय चरण** | | |
| 20 | (अ) नवीन पंजीयन (ऐसे आवेदक जो पूर्व में प्रवेश हेतु पंजीयन नहीं करा सके हैं, वे पंजीयन कर शेष चरणों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश आवंटन हेतु गुणानुक्रम अनुसार पात्र होंगे)।<br>(ब) तृतीय चरण में आवंटन हेतु पंजीकृत अप्रवेशित एवं नवीन पंजीकृत आवेदकों से पुनः शिक्षण संस्थाओं का चयन/वरीयता प्राप्त करना। | 07/06/2022 मंगलवार | 13/06/2022 सोमवार |
| 21 | निर्धारित हेल्प सेंटर द्वारा होकर दस्तावेजों का ऑनलाईन सत्यापन एवं अपठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में उपस्थित होकर सत्यापन कराना | 10/06/2022 शुक्रवार | 15/06/2022 बुधवार |
| 22 | नवीन पंजीकृत आवेदकों का बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. पाठ्यक्रम हेतु कमशः फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट (निधारित हेल्प सेंटर पर) | 10/06/2022 शुक्रवार | 15/06/2022 बुधवार (सायं 5:00 बजे तक) |
| 23 | हेल्प सेंटर द्वारा फिटनेस, प्रोफिसिएन्सी टेस्ट के अंकों की प्रविष्ठि | 16/06/2022 गुरूवार | |
| 24 | समेकित मेरिट सूची का प्रकाशन | 17/06/2022 शुक्रवार | |
| 25 | मेरिट एवं वरीयता अनुसार तृतीय चरण में सीट आवंटन | 22/06/2022 बुधवार | |
| 26 | आवेदक विद्यार्थी द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत ऑनलाईन भुगतान किया जाना | 22/06/2022 बुधवार | 25/06/2022 शनिवार |